स्टार्टअप्स को फंडिंग के लिए दो दिवसीय प्रोग्राम आज से

12 व 13 मई को लेट्स वेंचर की ओर से आयोजन

जननायक संवाददाता

कोटा। कोटा में स्टॉर्टअप्स को फंडिग के लिए इन्वेस्टर्स के सामने अपने आइडियाज को रखने का सुनहरा अवसर मिलने वाला है। आई स्टार्ट नेस्ट, इन्क्यूबेशन सेंटर, कोटा में12 व 13 मई को लेट्स वेंचर की ओर से आईडिया पिचिंग सेशन व स्टूडेन्ट नरिंग सेशन का आयोजन किया जाएगा।

आई स्टार्ट में मेंटर डॉ रोहिणी शर्मा ने बताया कि स्टॉर्टअप फंडिंग व इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में लेट्स वेंचर देश की एक अग्रणी कंपनी है। जो उभरते हुए स्टार्टअप्स व इनोवेटिव आइडियाज को फंड रेजिंग के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म प्रदान करती है। बेलेट्स वेंचर के प्रमुख इन्वेस्टर कैलाश राठी एवं बसंत शर्मा के सामने अपने स्टॉर्टअप आईडिया को पिच कर पाएंगे।

इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रभारी व उपनिदेशक मनोज कुमार मीना ने बताया कि चयनित आईडिया को लेट्स वेंचर से फंडिंग प्राप्त करने का अवसर मिल पायेगा। कैलाश राठी एवं बसंत शर्मा पिछले कई वर्षों से एंजेल इन्वेस्टर व सेंटर के रूप में स्टॉर्टअप इको सिस्टम से जुड़े हुए हैं। उन्होंने देश-विदेश के 100 से अधिक स्टॉर्टअप्स में इन्वेस्टमेंट किया है। 12 मई को पिचिंग सेशन तथा 13 मई को स्टूडेन्ट नर्बरिंग सेशन का आयोजन किया जाएगा।